सार-समाचार

एन.एस.यू.आई. की बैठक आयोजित

पाली, (नि.सं.)। एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विनोद ज़ाखड़ के निर्देशानुसार पाली जिले के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष गणपत पटेल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय में मीटिंग आयोजित की गयी। मीटिंग में मुख्य भूमिका में पाली एनएसयूआई ज़िला प्रभारी अभिषेक मेहता एवं सह प्रभारी माधाराम मेघवाल,पाली पंचायत समिति सदस्य विजय जोशी,आदि उपस्थित रहे। इनका माला व साफ़ा पहना कर स्वागत किया गया। राजकीय बांगड़ महाविद्यालय पाली के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष गणपत पटेल ने कहा कि पाली ज़िले में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को एनएसयूआई व कांग्रेस से जोड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है । गणपत पटेल ने कहा कि छात्र एनएसयूआई से जुड़कर देश की राजनीति में सकारात्मक ओर प्रभावी योगदान दे सकते है । एनएसयूआई ज़िला प्रभारी अभिषेक मेहता ने बताया कि पाली ज़िले के सभी महाविद्यालयों में एनएसयूआई का सदस्यता अभियान चलाया जाएगा जिसमें सभी विधार्थियो को सदस्य बनाया जाएगा। ज़िला सह प्रभारी माधाराम मेघवाल ने मीटिंग के दौरान छात्रों की समस्याओं को सुना व उनके समाधान हेतु आवश्यक निर्णय लेने का आश्वासन दिया। पाली एनएसयूआई कार्यकर्ताओं द्वारा महात्मा गांधी को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस दौरान भरतसिंह भाटी,प्रेम मीणा, राजेन्द्र सिंह, अमरदीप शर्मा, प्रकाश पटेल,मुकेश मेघवाल, चेतन सिंह राजपुरोहित, रितिक सोनी, अरबाज़, राहुल,रवि, आकाश,अर्जुन सिसोदिया,अरविन्द, मयूर, प्रवीण,दलवीर,कैलाश, कपिल आदि सैकंडों की संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अवैध निर्माण व अतिक्रमणों पर कार्रवाई

जोधपुर, (का.सं.)। आयुक्त जोधपुर विकास प्राधिकरण उत्साह चौधरी के आदेशानुसार प्राधिकरण के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा जोनवार नियमित रूप से अवैध निर्माणों एवं अतिक्रमणों पर सख्त कार्यवाही की जा रही है। प्राधिकरण दस्ते द्वारा शुक्रवार को ग्राम पाल के ख.सं. 205 में अवैध रूप से चल रहे व्यवसायिक निर्माण को बंद करवाया गया। मुख्य प्रवर्तन नियंत्रक व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विनीता एवं उपायुक्त जोन-3 जयपाल सिंह राठौड़ के निर्देशानुसार पुलिस निरीक्षक मय जेडीए दस्ते द्वारा ग्राम पाल के खसरा संख्या 205 का मौका निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर अनाधिकृत एवं अवैध रूप से व्यवसायिक निर्माण कार्य कर टीनशेड लगाने का कार्य किया जा रहा था। दस्ते द्वारा अवैध व्यवसायिक निर्माण कार्य को बंद करवाया जाकर अप्रार्थी को भवन निर्माण स्वीकृति एवं सम्पूर्ण दस्तावेजों सहित प्राधिकरण कार्यालय में उपस्थित होने की सख्त हिदायत दी गई। इसी प्रकार जेडीए दस्ते द्वारा तहसीलदार जोन-2 सुनिता चारण के निर्देशन में ग्राम कांकाणी के मौका निरीक्षण के दौरान खसरा संख्या 332 प्राधिकरण की भूमि कच्चा झोपड़ा, दीवार, धोरा-पाली कर कच्ची बाड़ व तारबन्दी कर अनाधिकृत रूप से अतिक्रमण किया हुआ पाया गया। दस्ते द्वारा उक्त अवैध अतिक्रमण को जेसीबी की सहायत से ध्वस्त कर हटाया जाकर प्राधिकरण की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया। कार्यवाही के दौरान प्रवर्तन अधिकारी, पुलिस निरीक्षक प्रवर्तन निरीक्षक, पटवारी मय जेडीए दस्ता मौजूद रहा।

तस्करी का आरोपी जेल से गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं) । शहर की राजीव गांधी नगर पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी में वांछित मुल्जिम को जोधपुर जेल से गिरफ्तार कर पूछताछ की पूछताछ के बाद वापिस जेल में भिजवाया है। उसके खिलाफ वर्ष 2022 में मादक पदार्थ तस्करी में माल सप्लाई का आरोप लगा था। पुलिस ने घटना। के समय राजीव गांधी नगर थाना हलके में 35 क्विंटल अवैध डोडा पोस्त को बरामद किया था। आरोपी तीन महिनों से मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में तीन माह से यहां जेल में बंद था। थानाधिकारी सुरेश पोटलिया ने बताया कि साल 2022 में थाना इलाके में यूरिया से भरा एक ट्रक पलटी खाया था। यूरिया के नीचे अवैध रूप से भरा 35 क्विंटल डोडा पोस्त बरामद हुआ था। जिसमें एक मुज्जिम मनोज जाट को गिरफ्तार किया गया था। उससे पूछताछ में पता लगा कि यह अवैध डोडा पोस्त वह प्रतापगढ़ जिले के बंबोरी निवासी कमलसिंह उर्फ कमल राणा से लेकर आया था। जिस पर कमल सिंह राणा को भी नामजद किया गया। उसकी तलाश चल रही थी। थानाधिकारी पोटलिया ने बताया कि आरोपी कमल सिंह राणा हाल में सिरोही में मादक पदार्थ के आरोप में पकड़ा गया था और तीन महिनों से उसे जेल हो रखी थी। सजायाप्ता था। उसके जोधपुर जेल में बंद होने की जानकारी पर पुलिस ने उसे जेल से गिरफ्तार कर पूछताछ की। पूछताछ के बाद उसे फिर से जेल भेज दिया गया । उसके खिलाफ अब तक 40 प्रकरण एनडीपीएस एक्ट एवं अन्य धाराओं में दर्ज हो रखे है।

राजगढ़ जेल से आरोपी जोधपुर लाए

जोधपुर, (कासं) । शहर के बनाड़ थाना क्षेत्र नांदड़ी में साल भर पहले नकबजनी के आरोप में वांटेड चल रहे एक नकबजन को पुलिस ने राजगढ़ जिले की जेल से गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ चोरियों के अब तक 30 प्रकरण सामने आए है। दो राजगढ़ और दो मामले जोधपुर कमिश्नरेट के भी है। वह चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाने में वांछित है। बनाड़ थाने के एएसआई रामलाल ने बताया कि नांदड़ी में गत साल फरवरी माह में एक मकान में चोरी हुई थी। तब पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। मगर एक आरोपी हनुमानगढ़ जिले आईआईटी कॉलोनी निवासी हनुमान उर्फ राजवीर बावरी की तलाश जारी थी। वह हाल में राजगढ़ जिले में एक चोरी के प्रकरण में गिरफ्तार होने और जेल में होने की जानकारी मिली। इस पर पुलिस की टीम राजगढ़ जेल से उसे गिरफ्तार कर जोधपुर लाई है।एएसआई रामलाल के अनुसार आरोपी के खिलाफ अब तक 30 प्रकरण नकबजनी के सामने आए है। जोधपुर कमिश्नरेट के बनाड़ एवं चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाने में मामले दर्ज है।

गांधीधाम-जोधपुर रेल समय में परिवर्तन

जोधपुर, (कासं) । रेलवे द्वारा गांधीधाम-जोधपुर रेलसेवा के संचालन समय में आंशिक परिवर्तन एवं भगत की कोठी (जोधपुर)-पालनपुर व हरिद्वार-भावनगर टर्मिनस रेलसेवा के मार्ग के कुछ स्टशनों पर भी संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया गया है। मंडल रेल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह के अनुसार गाडी संख्या 22484, गांधीधाम-जोधपुर रेलसेवा 06.02.25 से गांधीधाम से 23.20 बजे के स्थान पर परिवर्तित समय 23.15 बजे रवाना होकर 09.00 बजे के स्थान पर परिवर्तित समय 08.50 बजे जोधपुर पहुँचेगी। गाडी संख्या 14893, भगत की कोठी - पालनपुर रेलसेवा जो 06.02.25 से भगत की कोठी (जोधपुर) से प्रस्थान करेगी वह भीलडी स्टेशन पर 03.00 बजे आगमन व 03.10 बे प्रस्थान के स्थान पर परिवर्तित समय 02.50 बजे आगमन व 03.00 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 19272, हरिद्वार-भावनगर टर्मिनस रेलसेवा जो 05 फरवरी से हरिद्वार से प्रस्थान करेगी, मार्ग में सुरेन्द्रनगर गेट, लींबडी, बोटाद, ढोला, सिहोर गुजरात, भावनगर पारा व भावनगर टर्मिनस स्टेशनों पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है।

सड़क हादसों में दो जनों की मौत

जोधपुर, (कासं) । कमिश्नरेट के अलग अलग थाना क्षेत्रों में हुए सडक़ हादसों में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। संबंधित थाना पुलिस ने कार्रवाई कर शव परिजन को सुपुर्द किए। बनाड़ थाने के एसआई त्रिलोकदान ने बताया कि पीपाड़ शहर के मस्जिद की ढाणी शेख नगर निवासी मोहम्मद सलीम ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि भाई 43 साल का हाजी मोहम्मद बाइक लेकर दइकड़ा गांव की सरहद से निकल रहा था। तब एक कार चालक ने उसे चपेट में ले लिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल होने पर उसे अस्पताल ले जाया गया। मगर बाद में उसकी मौत हो गई। शव को कार्रवाई कर परिजन के सुपुर्द किया गया। इसी तरह कुड़ी भगतासनी पुलिस ने बताया कि विनायकिया रोड बासनी बेंदा खारडा रणधीर निवासी जगदीश चंद्र पुत्र ढगलाराम प्रजापत ने रिपोर्ट दी कि उसका पुत्र 15 साल का विशाल और अन्य रिश्तेदार बाइक पर सवार होकर गोरा होटल रोड से निकल रहे थे। तब किसी कार चालक ने चपेट में ले लिया। हादसे में विशाल गंभीर रूप से घायल उसे उपचार के लिए अस्पताल ले लाया गया। मगर बाद में उसकी मौत हो गई। कुड़ी पुलिस घटना में जांच कर रही है।

चित्रासिंह की प्रथम पुण्यतिथि मनाई

जैसलमेर, (नि.सं.)। स्व. चित्रासिंह जसोल की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके समर्थकों और पारिवारिक सदस्यों ने दिव्यांगजनों को भोजन कराया वही चित्रासिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। जैसलमेर में पूर्व सांसद कर्नल मानवेन्द्रसिंह की धर्म पत्नी स्व. चित्रासिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर अमरसागर स्थित विमंदित पुनर्वास केंद्र में रह रहे दिव्यांगों को भोजन कराया। इससे पहले चित्रासिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर चंदनसिंह भाटी, नरेंद्रसिंह भाटी कुंडा, राजेंद्रसिंह चौहान, खेतसिंह सोढा, भानुप्रतापसिंह भाटी सहित कई लोग मौजूद रहे।

जोधपुर में दसवां दो दिवसीय मारवाड़ हॉर्स शो आज से

जोधपुर, (कासं) । जोधपुर में ऑल इंडिया मारवाड़ी हॉर्स सोसाइटी व मारवाड़ी हॉर्स बुक रजिस्ट्रेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में दसवां दो दिवसीय मारवाड़ हॉर्स शो एक और दो फरवरी को पोलो ग्राउंड पाबूपुरा में होगा। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न प्रदेशों के स्टड बुक की ओर से रजिस्टर्ड घोड़े हिस्सा लेंगे। दो दिन अलग-अलग अश्व प्रतियोगिता होगी

प्रतियोगिता को लेकर सचिव इंद्रजीत सिंह नाथावत ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ 1 फरवरी को सुबह 9:45 बजे किया जाएगा। जिसमें लोक कलाकार भी अपनी कला की प्रस्तुति देंगे। वही 10:30 बजे से अलग-अलग प्रतियोगिताएं शुरू होगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मारवाड़ी नस्ल के घोड़े की पहचान और गुणवत्ता को बनाए रखने का प्रयास है।

साल 1998 में ऑल इंडिया मारवाड़ी हॉर्स समिति जोधपुर का गठन हुआ। जिसका कार्यालय उम्मेद भवन पैलेस में स्थापित किया गया।

बताया गया कि साल 2013 से मारवाड़ी हॉर्स स्टड बुक रजिस्ट्रेशन सोसाइटी आफ इंडिया का गठन किया गया था।

उन्होंने बताया कि 1988 से मारवाड़ हॉर्स एंड कैटल शो हो रहा है जबकि साल 2013 से मारवाड़ हॉर्स शो का आयोजन किया जा रहा है।

इसमें अब तक 3800 मारवाड़ी घोड़ों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। जबकि 818 घोड़े की डीएनए जांच हो चुकी है। प्रतियोगिता में अलग-अलग श्रेणियां में पुरस्कार दिए जाएंगे।

जिसमें प्रथम आने पर नर घोड़े व प्रजनन योग्य घोड़ी को 1 लाख रुपए का इनाम दिया जाएगा।

मारवाड़ हॉर्स शो को लेकर 3800 मारवाड़ी घोड़ों का रजिस्ट्रेशन व 818 घोड़े की डी.एन.ए. जांच हुई।



पाली जिला कलैक्टर एल.एन. मंत्री ने फालना में 2 फरवरी को होने वाली आर.ए.एस. प्रारंभिक परीक्षा के लिए एग्जाम सेंटर्स का जायजा लेकर निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट, अतिरिक्त जिला कलैक्टर बाली शैलेन्द्र सिंह, उपखंड अधिकारी दिनेश विश्नोई सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर में जसराज का स्वागत आज

जालोर, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी जालोर नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित का भाजपा विधानसभा जालोर द्वारा स्वागत अभिनंदन का कार्यक्रम किया जाएगा।

कार्यक्रम संयोजक सुरेश सोलंकी ने बताया कि 1 फरवरी दोपहर 11 बजे जिला मुख्यालय स्थित होटल विजय पैराडाइज हॉल में नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित का स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम होगा। जिला महामंत्री पुखराज राजपुरोहित ने विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्षों को कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर अलग-अलग जिम्मेदारियां सौपी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के नाते राजस्थान विधानसभा मुख्य सचेतक व जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग उपस्थित रहेंगे।वही विशिष्ट अतिथि के नाते जिला संगठन प्रभारी महेंद्र बोहरा,पूर्व जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव, रविंद्रसिंह बालावत आदि उपस्थित रहेंगे।

कोताही करने वालों पर होगी कार्रवाई : अग्रवाल

जोधपुर, (कासं)। जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने राजस्व , जल जीवन मिशन, सडक़ सुरक्षा समिति, सम्पर्क पोर्टल, ई फाइलिंग, सहित विभिन्न विभागों ने पीपीटी के माध्यम से प्रगति की जानकारी ली।

जिला कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी प्रकरणों की गंभीरता को समझते हुए उनका समयबद्ध निस्तारण करें। कार्य में कोताही बरतने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। जिला कलेक्टर अग्रवाल ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम विधानसभा प्रश्नों, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त परिवादों, न्यायालयों में लंबित प्रकरणों, विभिन्न आयोगों से प्राप्त प्रकरणों, जमाबंदी सेठिगेशन, तरमीम कार्य प्रगति एवं मॉडर्न रिकॉर्ड रूम रिपोर्ट, सर्वे एवं रिसर्वे कार्य की प्रगति, राजकीय विद्यालयों में खेल मैदानों की अद्यतन स्थिति की रिपोर्ट, ई-फाइलिंग के तहत कार्यों का निस्तारण, सम्पर्क पोर्टल पर लंबित परिवादों की समीक्षा करते हुए संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जोधपुर एवं जोधपुर ग्रामीण के राजस्व प्रकरणों का निस्तारण, सडक़ सुरक्षा समिति, ब्लैक स्पॉट एवं डेथ स्पॉट को चिन्हित करने, विभिन्न विभागों से संबधित राज्य स्तरीय लंबित प्रकरणों की स्थिति, जल जीवन मिशन के तहत जल कनेक्शन सहित विभिन्न विषयों पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में जिला कलक्टर अग्रवाल ने राजस्व अधिकारियों को राजस्व कार्यों को मिशन मोड पर लेकर उनका त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व न्यायालयों में जो लंबित मामले चल रहे है, उनका निस्तारण करने के साथ ही विचाराधीन मामलों के निस्तारण के लिए प्रगति लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिले में नामांतरण के मामले, जो वर्षों से लंबित चल रहे हैं, उनकों आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति करवाकर प्राथमिकता से निस्तारण करें। इसी प्रकार भू-रूपांतरण और लंबित आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण करें। जिला कलक्टर अग्रवाल ने राजस्व वादों का निस्तारण तय समय पर करने के निर्देश दिए। साथ ही, 6 माह,1 वर्ष, 2 वर्ष, 3 वर्ष एवं 5 वर्ष से लंबित चल रहे राजस्व न्यायालय के प्रकरणों, नोटिस तामिली की प्रगति, तहसील एवं उपखंड स्तर विभिन्न धाराओं के लंबित प्रकरण की स्थिति पर चर्चा की गई। उन्होंने अधिकारियों को कार्य की गंभीरता को समझते हुए, तय समय में कार्य संपादित करने के निर्देश दिए।

जल एवं स्वच्छता मिशन के कार्यों की समीक्षा हुई

इस दौरान जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के कार्यों की समीक्षा की। अग्रवाल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से जल जीवन मिशन के तहत जिले में संचालित परियोजनाओं की जानकारी लेते हुए पेयजल संबंधी कार्यों को गुणवत्ता के साथ तय समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के तहत वृहद पेयजल परियोजना, इंप्लीमेंटेशन सपोर्ट एक्टिविटी, अवैध जल कनेक्शनों की सूचना, पंपिंग स्टेशन कार्यों के बारे में जानकारी लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को पेयजल संबंधी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त ज़िला कलेक्टर प्रथम जवाहर चौधरी, अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय सुरेन्द्र सिंह पुरोहित, जेडीए सचिव भागीरथ बिश्नोई, उपखंड अधिकारी उतर आईएएस प्रशिक्षु रवि कुमार, आईएएस प्रशिक्षु अक्षत कुमार सिंह सहित संबंधित विभाग, उपखण्ड, तहसील के अधिकारी उपस्थित रहे।

कुमावत संस्थान के चंद्राराम अध्यक्ष बने

पाली, (नि.सं.)। शुक्रवार को शेखावत नगर स्थित कुमावत वाटिका में कुमावत संस्थान नजर नगर की आम बैठक आयोजित की गई ।

युवा संगठन के पूर्व मीडिया प्रभारी राजेश बावलेचा ने बताया कि बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया और पूर्व कार्यकारिणी को सफल कार्यकाल की बधाई दी गई। नई कार्यकारिणी में सर्व सहमति से चंद्राराम घोड़ावड़ को अध्यक्ष पद पर चुना गया । बावलेचा ने बताया कि उपाध्यक्ष पद का दायित्व जयराम अड़ाणिया, सचिव केसाराम घोड़ावड़, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश बाकरेचा, संरक्षक हणुतराम दुबलदिया, संगठन मंत्री रिमाराम दुबलदिया, प्रचार मंत्री अमरचंद अड़ाणिया, संस्कृति मंत्री रमेश मोटावत, सदस्य सतुराम पीपावत, अर्जुन दुबलदिया, हरीश नाराणिया, तिलोक मावर, मालाराम दुबलदिया, कालूराम चांदोरा, मदन लारना, राजूराम मोरवाड़िया एवं सलाहकार के दायित्व पर ओगड़राम ईसोलिया, मदन नोदिवाल, घेवरचंद पटेल, पोकर पिलोदिया, हुकमीचंद पीपाड़ा को चुना गया। पप्पू राम बाकरेचा, देवाराम बावलेचा, सोहनलाल लारना, धर्माराम मावर, बुद्धराज नाराणिया, गिरधारी बावलेचा, माणकचंद ,रघुवीर नोदिवाल, कैलाश मानणिया, महेंद्र लारना, रमेश मोटावत, सोहनलाल चांदोरा, मदन नोदिवाल, माणकचंद, शंकरलाल पीपाड़ा , तुलसाराम, नेमीचंद, बाबूलाल, मंगलाराम बाकरेचा आदि उपस्थित थे।

सीरवी समाज ने शोभायात्रा निकाली

पाली, (नि.सं.)। माहीं बीज के पावन पर्व पर हर वर्ष की भांति सीरवी समाज की ओर से श्री आईमाता जी शोभायात्रा बैंड बाजा के साथ धूमधाम से निकाली गई। श्री आईमाताजी का मन्दिर महात्मा गांधी से प्रारंभ होकर सिन्धी कालोनी सराफा बाजार,सोमनाथ मंदिर , सुरज पोल से होकर श्री आईमाता जी का मन्दिर जनता कालोनी पर विर्सजन हुई।

प्रात: में सीरवी समाज सेवा समिति के अध्यक्ष प्रकाश चौधरी, कोषाध्यक्ष अमराराम राठौड़ घीसुलाल सोयल, सीरवी समाज परगना समिति के उपाध्यक्ष पुनाराम राठौड़ ने श्री आईमाता जी पूजा अर्चना कर शोभायात्रा प्रारंभ किया गया। शोभा यात्रा में घोड़े पर रानी लक्ष्मीबाई, रंग बिरंगे कपड़ों में युवक, हाथों में छतरी, पंखा झूलाती पारंपरिक वेश में महिला नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा, वही समाज की गैर, नदी पर शिव पार्वती तांडव नृत्य में शिव गण बने युवक भभूति उछलते मुंह से आग निकलती जोरदार प्रदर्शन कर रहे थे, वही आई माता का जीवन को दर्शाती झांकियां, राधा कृष्ण संत गणों की झांकियां शोभा यात्रा में शामिल थी, सबसे अंत में आई माता की ज्योत के साथ भक्त आई माता की जय करें लगाते चल रहे थे।

सीरवी नवयुवक सेवा समिति के अध्यक्ष दिनेश परिहार,सचिव सेषाराम परिहार, कोषाध्यक्ष गोपाल काग व नवयुवक सेवा समिति के सभी सदस्यों शोभायात्रा का संचालन किया।

सरकारी स्कूल में शिव सेना पानी उपलब्ध करवायेगी

जालोर, (कासं)। शिवसेना जालोर के जिला प्रमुख रुपराज राजपुरोहित के निर्देशन में शहर के प्रमुख मिश्रीमल परिहार के सुपरविजन ने शिव सेना यूबीटी की ओर से सरकारी स्कूलो में उच्च स्तर का पानी उपलब्ध करवाना शुरु किया है।

शिव सेना के शहर प्रमुख मिश्रीमल परिहार ने बतायाकि शहर की जिन जिन सरकारी स्कूल में खतरनाक डीटीएस स्तर वाला पानी जलदाय विभाग द्वारा वितरण किया जा रहा है। ऐसी स्कूल की पहचान कर शिव सेना जालोर की ओर से मुफ्त में तीन सौ से कम स्तर का पानी स्कूल में वितरण करना प्रारम्भ किया । शिवसेना ने जालोर शहर की काकरी की ढाणी के सरकारी में जालोर शहर शिवसेना प्रमुख की देखरेख में शुद्ध जल वितरण किया । जिसका टीडीएस 226 था वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन के हिसाब से दो सौ से तीन सौ टीडीएस का पानी पिने लायक होता है, लेकिन जलदाय विभाग द्वारा वितरण किया जा रहा पानी का स्तर 1760 टीडीएस है।

शिव सेना ने सरकारी स्कूल में निशुल्क शुद्ध पानी वितरण करना शुरु कर दिया। काकरी की ढाणी शुद्ध पानी वितरण करते समय शिव सेना जालोर जिला प्रमुख रूपराज पुरोहित , शहर प्रमुख मिश्रीमल परिहार शिवसेना शिवसेना शहर कार्यकारणी सदस्य कैलाश राणा ,दिनेश राणा आदि उपस्थित थे।

सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान पर चालान काटे

पाली, (नि.सं.)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक माह के अंतिम दिवस को नो टोबैको दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी के चलते शुक्रवार को सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम 2003 (कोटपा) के अंतर्गत उल्लंघन करने वालों का चालान काटा गया तथा उनसे जुर्माना वसूल किया गया।

सीएमएचओ डॉ.विकास मारवाल ने बताया कि शुक्रवार को नो टोबैको डे के उपलक्ष्य में जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के अधिकारियों द्वारा पाली शहर में कोटपा अधिनियम की धारा 4 के अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करते हुये पाए गए लोगों का चालान किया गया तथा उनसे जुर्माना भी वसूल किया गया। कोटपा अधिनियम का उल्लंघन करने वाले तम्बाकू विक्रेताओं का भी चालान कर उनसे भी जुर्माना वसूल किया गया। शुक्रवार को एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र के प्रधानाचार्य के.सी.सैनी एवं एनटीसीपी के जिला सलाहकार डॉ.अंकित माथुर के दल ने पाली शहर के वि.भिन्न स्थानों का भ्रमण कर कोटपा अधिनियम का उल्लंघन करते पाये गये लोगों एवं दुकानदारों का चालान किया तथा जुर्माना भी वसूला।

सीएमएचओ डॉ. विकास मारवाल ने बताया कि शुक्रवार को पाली शहर के बांगड़ चिकित्सालय, सूरजपोल, कलेक्ट्रेट, मस्तान बाबा क्षेत्र, रोड़वेज बस स्टैण्ड, सब्जी मण्डी आदि क्षेत्रों में कोटपा अधिनियम का उल्लंघन करने वाले लोगों के चालान बनाकर उनसे जुर्माना वसूल किया। जिसे राजकोष में जमा करवाया गया है। कार्यवाही के दौरान कोटपा दल के सदस्यों ने उल्लंघन करने वालों एवं आमजन को जागरूक किया गया। कोटपा अधिनियम की जानकारी भी प्रदान की।

सम्मन बनाम रेस्पोडेण्ट

(आर्डर 4 रुल जाब्ता दीवानी)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी, सायला

बमुकाम सायला

ब- इजलास श्रीमान सुरजभान विश्नोई (आर.ए.एस)

अपीलाण्ट - महेशदान रेस्पोडेण्ट -ग्रा.प. तिलोडा वगैरा

म्युटेशन अपील धारा 75 रा.भु.रां.अ.1956

मुकदमा नम्बर - 41/सन्2024

मुसम्मी

1. सरपंच ग्रा.प. तिलोडा 2. राजाराम पुत्र उदाराम 3. गटु देवी पुत्री निम्बा 4. तलसा पुत्र जवाना 5. देराम पुत्र जवाना 6. दलाराम पुत्र निम्बा 7. नेनु देवी पत्नि स्व. निम्बा 8. बाबूलाल पुत्र निम्बा 9. भुरी पत्नि उदा 10. सीतादेवी पुत्री निम्बा 11. हडमताराम पुत्र उदाराम 12. हरजी पुत्र जवाना 13. हीराराम पुत्र उदाराम जातियान कलबी निवासीगण हरमू तहसील सायला जिला जालोर राज. जरिये हाजा इतिला दी जाती है कि महेशदान ने इस मुकदमे मे अपील पेश की जो इस अदालत के दर्ज रजिस्टर की गई है और ..... वार..... तारीख 12 माह 02 सन् 2025 को इस अदालत मे अपील सुनवाई के लिए मुकर्रर की है । अगर आपकी तरफ से आप खुद आपका वकील या और कोई शख्स कानुनन इस अपील की आपकी तरफ से पैरवी कर सकता हो हाजिर नही हुआ तो आपकी अदम मौजुदगी मे अपील सुना व फैसला किया जायेगा। बसिख्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 28 माह 01 सन् 2025 को जारी किया गया ।

मोहर

रीडर
सहायक कलेक्टर
(एस.डी.ओ) सायला

न्यायालय :- जिला न्यायाधीश, जालोर (राज.)

बइजलास :- श्री हारुन " आर. जे.एस "(जिला जज संवर्ग)

दी.वि. प्रकरण संख्या :- 02/2025

तारीख पेशी :- 10.03.2025

01. सेठ दिलीप कुमार शर्मा पुत्र सेठ पुत्रमल शर्मा उर्फ फुटरमल, उम्र 45 साल जाति सेवग निवासी 8-4-46/4 अन्नाबत्तुला वाली गली , विनायक मंदिर के पास, अमलपुरम ईस्ट गोदावरी (आन्ध्रप्रदेश) हाल गांव राजेन्द्र नगर आहोर तहसील आहोर जिला जालोर । मो. 9440006737

..... प्रार्थी

बनाम

1. हसीना पुरुषोत्तम शर्मा पुत्री सेठ पुत्रमल शर्मा उर्फ फुटरमल उम्र 46 वर्ष जाति सेवग निवासी सेदरिया बालोतान तहसील आहोर जिला जालोर । मो. 8551876958
2. रेखा प्रवीण शर्मा पुत्री सेठ पुत्रमल शर्मा उर्फ फुटरमल उम्र 42 वर्ष जाति सेंवग निवासी-रुम नम्बर 1 पार्श्व नगर 02 वीणा होटल के सामने, देवचन्द नागर्वरोड, भायन्दर वेस्ट बोम्बे (महाराष्ट्र) मो. 9653180728
3 हर आम व खास ।

..... अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया की प्रार्थी के पिता स्व. पुत्रमल शर्मा उर्फ फुटरमल एवं माता उमराव निवासी गांव राजेन्द्र नगर आहोर तहसील आहोर के नाम से जालोर नागरिक सहकारी बैंक , शाखा -जालोर मे एक लॉकर संख्या ए -13 जमा रखी आस्तीयो एवं प्रतिभूतियों को प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकारी सेठ दिलीप कुमार शर्मा एक मात्र वारिसान होने से प्रार्थी सेठ दिलीप कुमार शर्मा के नाम से उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र जारी करने का प्रार्थना पत्र पेश किया । अत: इस संबध में जिस किसी व्यक्ति को उजर / ऐतराज हो तो असालतन / वकालतन न्यायालय में आगामी तरीख पेशी 10.03.2025 को पेश करे, अन्यथा नियमानुसार आदेश पारित किया जाएगा । नोटिस आज दिनांक 27.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया ।

मोहर

वरिष्ठ मुंसरिम
जिला न्यायालय
जालोर राज.

वीर शिरोमणि राव कूंपाजी राठौड़ की मूर्ति का राणावास में अनावरण

पाली, (नि.सं.)। वीर शिरोमणि राव कूंपाजी राठौड़ की मूर्ति का अनावरण समारोह 31 जनवरी 2025 शुक्रवार को श्री गोविंद राजपूत शिक्षण संस्थान राणावास पाली में भव्य रूप से आयोजित किया गया।

समिति युवा अध्यक्ष अजयपाल सिंह हेमावास ने बताया कि अतिथियों की अगुवाई वाहन रैली के रूप में डिंगोर प्याऊ से राजपूत छात्रावास मूर्ति स्थल तक की गई।समारोह का आरंभ श्री गोविंद राजपूत शिक्षण संस्थान राणावास में चामुंडा माता मंदिर में यज्ञ, आहुति व मंत्र उच्चारण के साथ किया गया। इस अवसर पर मेवाड़ क पूर्व महाराणा विश्वराज सिंह मेवाड़ व राज ऋषि समताराम महाराज के कर कमलों द्वारा राव कुपा जी की भव्य मूर्ति का अनावरण किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र सिंह राठौड़ , विशिष्ट अतिथि बाली विधायक पुष्पेंद्र सिंह राणावत , चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या मौजूद रहे। राज ऋषि समताराम महाराज ने अपने उद्बोधन में वीर शिरोमणि राव कुपा जी राठौड़ के धर्म की रक्षा के लिए उनके बलिदान को याद कर समस्त राजपूत समाज को उनके पद चिन्हों पर चलने का आहवान किया। मेवाड़ महाराणा विश्वराज सिंह मेवाड ने बताया कि मेवाड़ और मारवाड़ का रिश्ता सदियों से चला रहा है। आज मारवाड़ की धरती पर वीर शिरोमणि राव कुपा जी राठौड की मूर्ति का अनावरण करते हुए मुझे गर्व की अनुभूति हो रही है।



वीर शिरोमणि राव कूंपाजी राठौड़ की मूर्ति का अनावरण समारोह श्री गोविंद राजपूत शिक्षण संस्थान राणावास पाली में हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

पूर्व प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र सिंह राठौड़ ने सामाजिक समरसता व ईडब्ल्यूएस की विसंगतियों के बारे में चर्चा की। चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने राव कुप